# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर

कार्यालयः न्यू एडीआर भवन, बी 610, शिवमार्ग, कलेक्ट्रेट सर्किल, बनीपार्क, जयपुर जयपुर (राज.)
email- dlsa17jaipurmetro2@gmail.com, Phone- 8306006150

क्रमांकः–32 दिनांकः– 12/01/2026

## विज्ञप्ति

माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर का पत्र क्रमांक एफ2 (37)/पीएलवी स्कीम/डीएस–I/12865–66 दिनांक 06.08.2021 व पत्रांक 26255 दिनांक 16.09.2019 व एल.एस.आर. आर. की "SCHEME FOR PARA-LEGAL VOLUNTEERS (Revised)" एवं माननीय रालसा द्वारा जारी एसओपी क्रमांक 15539–582 दिनांक 29.11.2025 में दिये गये के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय न्यायक्षेत्र (आमेर, चौमूं एवं बगरू सहित) एवं अधीनस्थ विधिक सेवा केन्द्रों पर कार्य करने एवं विधिक सेवा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु निम्नानुसार पैरालीगल वॉलियन्टर्स का चयन कर पैनल तैयार करने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है :–

| क्र.सं. | स्थान | पीएलवी की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय के कार्यक्षेत्र (आमेर, चौमूं व बगरू सहित) हेतु। | 15 |

पैरा लीगल वॉलेन्टीयर्स जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार विधिक जागरूकता शिविर एवं अन्य कार्य करेंगें। पैरा लीगल वॉलेन्टयर्स विधिक सेवा क्लिनिक का संचालन करेंगें तथा आमजन एवं विधिक सेवा संस्थाओं के मध्य कडी का कार्य करेंगें व पैरालीगल वॉलीन्टयर्स को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानदेय का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा। पीएलवी की नियुक्ति अधिकतम 1 वर्ष के लिये की जावेगी।

1. **शैक्षणिक योग्यता** :– आवेदक को केन्द्र अथवा राज्य सरकार से अनुमोदित शिक्षा बोर्ड से **न्यूनतम सैकण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण** किया हुआ होना चाहिए। अभ्यर्थी को देवनागरी लिपि में हिन्दी लिखने की अच्छी एवं व्यापक जानकारी व क्षमता होनी चाहिए। अभ्यर्थी को पत्र–व्यवहार का भी समुचित ज्ञान होना चाहिए।
2. **आयु :– 21 वर्ष से अधिक**
3. **आवेदन पत्र :–** इस पद हेतु अभ्यर्थी को विज्ञप्ति में संलग्न निर्धारित प्रारूप में ही आवेदन प्रस्तुत करना होगा। अन्य प्रारूप या अधूरे प्रारूप में प्रेषित आवेदन पत्र को सम्मिलित नहीं किया जावेगा।
4. **चयन की प्रक्रिया :–** प्राप्त आवेदन–पत्रों की जांच कर सही आवेदन पत्रों को साक्षात्कार हेतु सम्मिलित किया जावेगा जिसके पश्चात आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। साक्षात्कार में सफल अभ्यर्थियों को आमुखीकरण प्रशिक्षण दिया जाएगा। साक्षात्कार में सफल सभी अभ्यर्थियों को सभी प्रशिक्षण दिवस पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर

कार्यालयः न्यू एडीआर भवन, बी 610, शिवमार्ग, कलेक्ट्रेट सर्किल, बनीपार्क, जयपुर जयपुर (राज.)

email- dlsa17jaipurmetro2@gmail.com


सभी प्रशिक्षण दिवसों पर उपस्थित अभ्यर्थीगण को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय के पैनल में सम्मिलित किया जावेगा।

5. **चरित्र :** आवेदक द्वारा दो ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों के द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो आवेदक के संबंधी न हो। ऐसे चरित्र प्रमाण छः माह की अवधि से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए। आवेदनकर्ता एक शपथ–पत्र निम्नाकिंत बिन्दुओं के आशय का आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करेगा :–
   - ❖ कि वह पैरा लीगल वॉलियन्टर योजना में रूचि रखते हुए कार्य करेगा।
   - ❖ कि उसे दिवालिया घोषित नहीं किया गया है।
   - ❖ कि उसे किसी अपराध में अभियुक्त नहीं बनाया गया है।
   - ❖ कि वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ है एवं पैरा लीगल वॉलियन्टर्स का कार्य करने में सक्षम है।
   - ❖ कि वह किसी भी राजनैतिक पार्टी का सक्रिय सदस्य नहीं है।
   - ❖ कि वह पैरा लीगल वॉलियन्टर्स के रूप में अपने पद का दुरूपयोग नहीं करेगा

6. **शारीरिक योग्यता :** आवेदक को मानसिक एवं शारीरिक रूप से पैरा लीगल वॉलियन्टर्स का काम करने के योग्य होना चाहिये।

7. **आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत किये जावें :–**
   - ❖ जन्मतिथि प्रमाण हेतु सैकण्डरी स्कूल परीक्षा की अंक तालिका एवं प्रमाण–पत्र की स्व प्रमाणित प्रति
   - ❖ शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रो की स्व–प्रमाणित प्रति।
   - ❖ दो मूल चरित्र प्रमाण पत्र दिनांक सहित जो छः माह से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए।
   - ❖ आवेदन पत्र पर स्वयं का हस्ताक्षरयुक्त पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो चिपकाएं (स्टेपल नहीं करें)।
   - ❖ जाति प्रमाण–पत्र की स्व प्रमाणित प्रति।
   - ❖ आवेदक द्वारा जिस पंचायत समिति के लिये आवेदन किया जा रहा है, तो उसे पंचायत समिति के क्षेत्राधिकार में आने वाले गांव का स्थानीय निवासरत होने का सत्यापन के संबंध में आधार कार्ड/राशन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/मूल निवास या अन्य कोई समकक्ष प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति।
   - ❖ निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित स्व–प्रमाणित शपथ–पत्र।
   - ❖ यदि आवेदक सेवा निवृत्त अध्यापक या राजकीय कर्मचारी वरिष्ठ नागरिक/एम.एस.डब्ल्यू छात्र/छात्राएं व अध्यापक, आंगनबाडी कार्यकर्ता/डॉक्टर/फिजिशियन/छात्र/छात्राएं व विधिक छात्र/छात्राएं (जब तक वे वकालत के लिये एनरोल न हो)/गैर राजनीतिक दलों के सदस्य/सेवाभावी एन.जी.ओ. क्लब्स, महिला ग्रुप, मैत्री संगम, स्वयं सहायता समूह संबंधित प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर

कार्यालयः न्यू एडीआर भवन, बी 610, शिवमार्ग, कलेक्ट्रेट सर्किल, बनीपार्क, जयपुर जयपुर (राज.)

email- dlsa17jaipurmetro2@gmail.com.


8. आवेदन की अतिम तिथि :–

आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय के कार्यालय **ए डी आर बिल्डिंग, बी 610, शिवमार्ग, कलेक्ट्रेट सर्किल, बनीपार्क, जयपुर में दिनांक 17.01.2026 को सांय 5.00 बजे तक ही प्राप्त किये जायेंगे।** इस तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। अपूर्ण आवेदन अथवा वांछित प्रमाण–पत्रो की स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रतियों अथवा आवश्यक प्रमाण पत्रो के संलग्न न होने पर अथवा अन्य किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया जायेगा एवं उस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

9. **पात्रताः–**

| पात्र व्यक्ति | अपात्र व्यक्ति |
|---|---|
| 1. सेवारत एवं सेवानिवृत शिक्षक<br>2. सेवानिवृत राजकीय कर्मचारी एवं वरिष्ठ नागरिक<br>3. एम.एस. डब्ल्यू छात्र/छात्राऐं एवं शिक्षक<br>4. आंगन बाडी कार्यकर्ता<br>5. चिकित्सकगण<br>6. विधि छात्र/छात्राएं (जब तक वे वकालत के लिये एनरोल न हो)<br>7. गैर राजनीतिक स्वयं सेवा समूह (एन.जी.ओ. के सदस्यगण)<br>8. महिला संगठनों के कार्यकर्ता<br>9. पिछडे तबको के लिये कार्य कर रहे स्वयं सेवी समूहों के सदस्यगण<br>10. समाज सेवी व सामाजिक कार्यकर्ता<br>11. ट्रांसजेंडर | 1. अधिवक्तागण<br>2. राजनीतिक संगठनों से सक्रिय रूप से जुडे हुए व्यक्ति<br>3. राजनीतिक संगठनो से जुड़े हुए एन.जी.ओ. के कार्यकर्ता<br>4. किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध व्यक्ति या ऐसा व्यक्ति जो किसी अपराध का अभियुक्त हो<br>5. ऐसे व्यक्ति जो मानसिक रूप से पैरालीगल वॉलियन्टर्स का कार्य करने में असक्षम हो<br>6. ऐसे व्यक्ति जिनके व्यक्तिगत हित किसी भी आधार पर पैरा लीगल वॉलियन्टर्स स्कीम के हितो को प्रभावित करते हो। |

पी.एल.वी का चयन करते समय यदि अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उन्हें शार्ट लिस्टिंग कर साक्षात्कार के लिए बुलाया जायेगा। पी.एल.वी. चयन हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के अल्पसंख्यक आवेदकों के संबंध में भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जायेगा व महिलाओं को प्राथमिकता दिये जाने के साथ–साथ स्थानीय पंचायत समिति के क्षेत्राधिकार में निवासरत अलग–अलग गॉव के निवासी होने की शर्त की पालना करने वाले आवेदक को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। यदि स्थानीय निवासी ना मिले तो ही पड़ौस की पंचायत समिति के निवासी पर विचार किया जायेगा। निवास स्थान का सत्यापन आधार कार्ड, राशन कार्ड, आदि के अवलोकन के पश्चात किया जायेगा।

10. **भुगतान** :–

पैरा लीगल वॉलियन्टर्स के रूप में उनका चयन किया जायेगा जो इसे आय का साधन समझकर नहीं आना चाहते। चयन किए जाने वाले व्यक्ति में जरूरतमंदो की सेवा करने की भावना होनी चाहिए तथा शोषित और वंचित तबके लिए करूणा, सहानुभूति तथा उनकी स्थिति

बेहतर करने का संकल्प होना चाहिए। पैरा लीगल वॉलियन्टर्स को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा समय–समय पर निर्धारित मानदेय (Honorarium) राशि के अतिरिक्त किसी भी प्रकार का वेतन (Salary), प्रोत्साहन राशि (Remuneration) अथवा मजदूरी (Wages) देय नहीं होगी।

11. <u>पैरालीगल वॉलियन्टर्स मुख्यतः निम्न कार्य करेंगे</u> :–

- ❖ विधिक सेवा केन्द्र पर निर्धारित दिवस पर निर्धारित समय अवधि में उपस्थित रहेगा।
- ❖ पैरा लीगल वॉलियन्टर्स अपने संपर्क में आने वाले लोगो को विधिक सेवा संस्थाओं एवं विधिक सेवा कार्यो की विस्तृत जानकारी देगा, इनका प्रचार करने में कोई कसर नहीं रखेगा।
- ❖ केन्द्र पर आने वाले लोगो को वैकल्पिक विवाद निस्तारण तकनीक अर्थात लोक अदालत, मध्यस्थता आदि के उपयोग एवं उनके लाभों के बारे में बतायेगा। अधिक जानकारी के लिये पैम्पलेट्स पढने के लिये देगा।
- ❖ केन्द्र पर आने वाले प्रत्येक लाभार्थी की समस्या को पूरी संवेदनशीलता के साथ धैयपूर्वक सुनेगा, उसे अपने पास मौजूद पैरालीगल वॉलियन्टर्स निर्देशिका की सहायता से उचित सलाह देगा। जटिल मामला होने पर उसे स्थानीय वरिष्ठतम न्यायाधीश (ताल्लुका अध्यक्ष) या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के फ्रन्ट ऑफिस में सपर्क करने की सलाह देगा।
- ❖ प्रत्येक लाभार्थी को उसकी पात्रता के अनुरूप लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बतायेगा।
- ❖ लोक कल्याणकारी योजनाओं के आवेदन तैयार करने एवं आवश्यक औपचारिकतायें पूरी करने में लाभार्थियों की मदद करेग।

(पल्लवी शर्मा)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर महानगर द्वितीय

क्रमांक :– 344-355 दिनांक :– 12/01/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ/चस्पा हेतु सादर प्रेषित है:–

1. श्रीमान् सदस्य सचिव, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर ।
2. नोटिस बोर्ड, जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर प्रथम/द्वितीय/जयपुर जिला
3. नोटिस बोर्ड कलेक्ट्रेट बनीपार्क जयपुर/जिला परिषद जयपुर/मिनी सचिवालय, जयपुर।
4. नोटिस बोर्ड, न्यायालय चौमू/आमेर
5. नोटिस बोर्ड उपखण्ड अधिकारी कार्यालय चौमू/आमेर
6. नोटिस बोर्ड समस्त थानाधिकारी जयपुर।
6. नोटिस बोर्ड विभिन्न विधि महाविद्यालय/विश्वविद्यालय
7. नोटिस बोर्ड नगर निगम कार्यालय लालकोठी, जयपुर।
8. नोटिस बोर्ड जन सूचना केन्द्र, जयपुर।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर

कार्यालयः न्यू एडीआर भवन, बी 610, शिवमार्ग, कलेक्ट्रेट सर्किल, बनीपार्क, जयपुर जयपुर (राज.)

email- dlsa17jaipurmetro2@gmail.com


9. नोटिस बोर्ड वन स्टॉप क्राइसिस सेन्टर फॉर वीमेन (अपराजिता सेन्टर) जयपुरिया अस्पताल मालवीय नगर, जयपुर।
10. नोटिस बोर्ड अध्यक्ष, दी बार एसोसिऐशन, जयपुर महानगर, जयपुर।
11. ई कोर्ट बेवसाईट, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जयपुर महानगर द्वितीय

(पल्लवी शर्मा)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर महानगर द्वितीय

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय जयपुर

कार्यालयः न्यू एडीआर भवन, बी 610, शिवमार्ग, कलेक्ट्रेट सर्किल, बनीपार्क, जयपुर जयपुर (राज.)
email- dlsa17jaipurmetro2@gmail.com, Phone-8306006150

## पैरा लीगल वॉलियन्टर्स (पी.एल.वी.) की नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र

आवेदक का हस्ताक्षरयुक्त नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चिपकायें

1. आवेदक का नाम : .....
2. पिता/पति का नाम : .....
3. संवर्ग–सामान्य/अ.जा/अ.ज.जा. / अ.पि. वर्ग( जिस संवर्ग से हो लिखें) : .....
4. स्थायी पता : .....
   .....
5. वर्तमान पता : .....
   .....
6. स्थानीय पंचायत समिति /नगरीय निकाय का नाम : .....
7. मोबाईल नम्बर : .....
8. ई–मेल : .....
9. वर्तमान व निकटतम पुलिस स्टेशन : .....
10. जन्मतिथि (अंको में) : .....
11. 01 जनवरी 2026 को आयु : .....
11. श्रेणी : पुरूष.....महिला.....अन्य.....
12. शैक्षणिक योग्यता : .....
    .....
    .....
    .....
    .....
13. क़म्प्यूटर ज्ञान : .....

14. आवदेक द्वारा वर्तमान में किये रहे कार्य का विवरण : .....

15. यदि आवेदक सेवानिवृत्त कर्मचारी है, तो किस पद से सेवानिवृत्त हुए : .....

16. यदि आवेदक किसी अपराध के लिये दोषसिद्ध है या वर्तमान में उसके विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है तो उसका विवरण लिखें : .....

17. आवेदक वर्तमान में किसी संस्था, एन.जी.ओ. या किसी विशेष ग्रुप से जुड़ा है तो उसका विवरण लिखें : .....

18. यदि आवेदक पी.एल.वी. के रूप में कार्य कर रहा हो/कर चुका हो तो उसका विवरण : .....

<u>नोटः– आई.डी. प्रूफ व शैक्षणिक योग्यता हेतु स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न करें।</u>

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**भग्य दिनांक**

मैं ..... सत्यापित करता/करती हूँ कि प्रार्थना पत्र में अंकित उपरोक्त सभी तथ्य मेरी निजी जानकारी में सत्य एवं सही है। मैं किसी भी राजनीतिक दल से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ /जुड़ी हुई नहीं हूँ।

दिनांक :–

**आवेदक के हस्ताक्षर**